भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2890**
बुधवार, 26 मार्च, 2025/5 चैत्र, 1947 (शक) को उत्तरार्थ

## सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण और डेटाबेस की भूमिका

2890. श्री शंभू शरण पटेल:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस, सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण में सहायक है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके माध्यम से सहकारी समितियों के संचालन और सेवाओं में क्या सुधार हुआ हैं; और

(ग) सहकारी समितियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जी हाँ, मान्यवर। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) देश भर में 8.30 लाख से अधिक सहकारी समितियों की जानकारी के लिए सिंगल पॉइंट एक्सेस प्रदान करता है। सहकारी समितियों के आंकड़ों को इस उद्देश्य के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा एकत्र, दर्ज और डेटाबेस में अद्यतन किया जाता है।

(ख) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) सहकारी समितियों के बीच वर्टिकल और हॉरिजोंटल लिंकेजों की अंतरदृष्टि प्रदान करता है और सहकारी परितंत्र में इन संस्थाओं के बीच परस्पर संबंधों के बारे में बहुमूल्य सूचना प्रदान करता है । यह डेटाबेस एक बहुमुखी और शक्तिशाली उपकरण है जो हितधारकों को बहुमूल्य सूचना और विश्लेषणात्मक क्षमता से समर्थ करता है जिसके परिणामस्वरूप सहकारी समितियों की समग्र कार्यात्मकता और शासन में वृद्धि होती है ।

(ग) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस https://cooperatives.gov.in पर सुलभ उपलब्ध है। सहकारी आंदोलन को विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां समितियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, में सशक्त करने के लिए नीति निर्माताओं, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों द्वारा इस डेटाबेस का उपयोग किया जा सकता

है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस सहकारी समितियों की अवस्थिति, सदस्यता, आर्थिक कार्यकलाप, अवसंरचना, आच्छादित और अनाच्छादित ग्राम पंचायतों सहित सहकारी समितियों के भौगोलिक प्रसार की कमियों की पहचान में सहायक वित्तीय प्रदर्शन एवं संपरीक्षण विवरणों  जैसे मानदंडों पर आंकड़े संकलित करता है ।

(घ) जी हाँ, प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से सहकारी समितियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए कई प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं , जिनमें राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (NCCT) के तत्वावधान में एक राष्ट्रीय संस्थान वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (VAMNICOM), 5 क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (RICM) और14 सहकारी प्रबंधन संस्थान (ICM) शामिल हैं।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC), लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान एवं विकास अकादमी (LINAC) के माध्यम से सहकार प्रज्ञा पहल का क्रियान्वयन करता है।

इस पहल का उद्देश्य कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करके इन संगठनों के समग्र प्रदर्शन में सुधार करना है।

*****